INDIAN SCHOOL SOHAR
FORMATIVE ASSESSMENT 1 (2012-15)
SUBJECT : HINDI SET- 2

Class : VIII **Time: 40 Minutes**
Date: 07-05-2014 **Marks: 20**

<u>सामान्य निर्देश</u> ः (1) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले क्रमांक अवश्य लिखिए।
(2) कार्य स्वच्छता से कीजिए। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4)

यदि हम निरंतर प्रयत्न करेंगे तो निश्चय ही अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे,किंतु प्राय: देखा जाता है कि अधिक आशावादी लोग थोड़ा सा प्रयत्न करके अधिक फल की कामना करने लगते हैं और मनोवांछित फल प्राप्त न होने पर निराश हो जाते हैं। अत: जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए परिस्थितियों के समक्ष घुटने न टेकें, बल्कि हिम्मत से उसका मुकाबला करें। याद रखें, जितना कठोर हमारा परिश्रम होगा उसका फल भी उतना ही मीठा होगा।

(क) लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्या किया जाना चाहिए ?
(ख) आशावादी लोग कैसे होते हैं ?
(ग) वे निराश क्यों हो जाते हैं ?
(घ) कठोर परिश्रम से क्या प्राप्त होता है ?

प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)
भाग्य , आस्था

प्रश्न (3) निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग अलग करके लिखिए। (1)
निराधार , प्रशासन

प्रश्न (4) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। (1)
उज्जवल , राष्ट्रिय

प्रश्न(5) निम्नलिखित शब्द का वर्ण -विच्छेद कीजिए। (1)

समृद्धि

प्रश्न (6) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए । (1)

(i) मेरी पिता जी आई है।

(ii) सड़क में मत चलो।

प्रश्न (7) निम्नलिखित विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए। (1)

गंभीर , आशावादी

प्रश्न (8) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

सर्वस्व , कुटुंब , भ्रांति , अभिव्यक्ति

प्रश्न (9) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2)

स्वर्णिम , मात खाना

प्रश्न (10) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)

(1) कवि ने भारतीयों को 'धरती की निधि' क्यों कहा है ?

(2) हम नए युग का निर्माण कैसे कर सकते हैं ?

(3) मौरल कौन था और उसने क्या किया ?

(4) बंकिम चंद्र ने अपने प्रसिद्ध गीत को जन -जन तक किस प्रकार पहुँचाया ?

समाप्त